पुरस्कार के लिए जिला स्तर पर चयन

मझौलिया. प्रखंड के हरपुर गढ़वा पंचायत स्थित राजकीय उर्दू मध्य विद्यालय गढ़वा भोगड़ी के प्रधानाध्यापक दुर्योधन बैठा का राजकीय शिक्षक पुरस्कार 2026 के लिए जिला स्तर पर चयन हुआ है. उनके चयन से शिक्षक संघ सहित क्षेत्र में हर्ष का माहौल है. शिक्षक दिवस के अवसर पर पांच सितंबर को उन्हें सम्मानित किया जाएगा. प्रधानाध्यापक दुर्योधन बैठा ने बताया कि वह वर्ष 2017 से विद्यालय में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत हैं. उनके अनुसार विद्यालय के विकास में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अभिभावकों और शिक्षक परिवार का लगातार सहयोग मिलता रहा है. इसी सहयोग से विद्यालय में स्मार्ट क्लास की व्यवस्था विकसित की गयी. इसके अलावा दो बाथरूम, पानी की टंकी और मोटर, विद्यालय परिसर में बाउंड्री निर्माण तथा पेवर ब्लॉक लगाने जैसे कार्य कराये गये हैं. उन्होंने कहा कि अभिभावकों और जनप्रतिनिधियों से लगातार संपर्क कर विद्यालय के विकास और विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के लिए प्रयास किया जा रहा है. शिक्षक के रूप में जिला स्तर पर पुरस्कार के लिए चयनित होने पर शिक्षक संघ और क्षेत्र के लोगों ने उन्हें बधाई दी है.

बुके नहीं, बुक देकर सम्मान करने की परंपरा विकसित करें : पं. भरत उपाध्याय

कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व अन्य.

मधुबनी. बगहा अनुमंडल के मधुबनी प्रखंड स्थित पीएम राजकीयकृत हरदेव प्रसाद इंटरमीडिएट कॉलेज के पुस्तकालय सभागार में हिंदी माह का शुभारंभ किया गया. कार्यक्रम में कॉलेज के पूर्व प्राचार्य पं. भरत उपाध्याय ने कहा कि अतिथियों के स्वागत में पुष्पगुच्छ भेंट करना सामान्य परंपरा बन गई है, लेकिन कुछ समय बाद ये पुष्पगुच्छ अनुपयोगी हो जाते हैं. ऐसे में बुके के स्थान पर प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक पुस्तकें भेंट करने की परंपरा विकसित की जानी चाहिए. उन्होंने कहा कि पुस्तकें व्यक्ति के ज्ञानवर्धन के साथ उसके व्यक्तित्व का विकास भी करती हैं. अतिथि स्वयं पुस्तक पढ़ने के साथ परिवार के अन्य सदस्यों को भी पढ़ने के लिए प्रेरित कर सकते हैं. जन्मदिन, विवाह और अन्य शुभ अवसरों पर महंगे उपहार के स्थान पर उपयोगी पुस्तकें भेंट करने की परंपरा को बढ़ावा देना चाहिए.पूर्व प्राचार्य ने पुस्तकालय की व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि यहां सामान्य ज्ञान, इतिहास, भूगोल, विज्ञान, संविधान, साहित्य एवं रोजगारपरक पुस्तकों के साथ समाचार पत्र-पत्रिकाएं उपलब्ध हैं. आचार्य नीरज शांडिल्य ने कहा कि ज्ञान हमें दिशा देता है और जिज्ञासा आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है.

खेल मैदान में बेटियों ने दिखाया दमखम आत्मविश्वास से भरी खिलाड़ियों की हुंकार

- महापौर गरिमा ने कहा- खेल से विकसित होती है अनुशासन और नेतृत्व क्षमता

प्रतिनिधि, बेतिया

प्रतिभागी खिलाड़ियों की टीम .

नगर के खेल भवन सह व्यायामशाला में बुधवार को 7वीं पश्चिम चंपारण जिला स्तरीय जूनियर बालिका इंटर स्कूल कबड्डी प्रतियोगिता का उत्साहपूर्ण आगाज हुआ.

प्रतियोगिता का उद्घाटन नगर निगम की महापौर सह मुख्य अतिथि गरिमा देवी सिकारिया, जिला खेल पदाधिकारी राकेश कुमार, शिक्षक एनके राय, जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष श्रीमान मिश्रा, राजेश कुमार सिंह एवं महासचिव आलोक कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. उद्घाटन से पूर्व अतिथियों को स्मृति चिह्न व शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया. जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष श्रीमान मिश्रा ने कबड्डी कोर्ट का विधिवत पूजन किया.

इस अवसर पर महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया. उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिता केवल पदक जीतने का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का सशक्त जरिया है.

बेटियों को खेल के मैदान में आगे बढ़ने का अवसर देना समाज और जिले के उज्ज्वल भविष्य में निवेश है. उन्होंने खिलाड़ियों से पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लेने की अपील की.

सेंट तेरेसा और रामकृष्ण विवेकानंद विद्या मंदिर की जीत: प्रतियोगिता का पहला मुकाबला सेंट तेरेसा गर्ल्स हाई स्कूल और सेंट पॉल एकेडमी, चनपटिया के बीच हुआ. इसमें सेंट तेरेसा गर्ल्स हाई स्कूल ने 37 अंक हासिल कर जीत दर्ज की.

दूसरे मुकाबले में रामकृष्ण विवेकानंद विद्या मंदिर ने नोट्रे डेम पब्लिक स्कूल की बी टीम को सात अंकों से पराजित किया. प्रतियोगिता के संचालन में तकनीकी पदाधिकारी अभिषेक कुमार, सचिन कुमार, आलोक कुमार, अनुज कुमार, प्रिंस कुमार, हंसराज कुमार और सुशांत मिश्रा सहित अन्य ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी.

खेल प्रतिभाओं की पहचान और अवसर उपलब्ध कराने की दरकार: प्रो.अशोक

बेतिया. नगर के महारानी जानकी कुंवर महाविद्यालय में बुधवार को "स्वस्थ युवा, सशक्त भारत : शिक्षा में खेलों की अनिवार्यता" विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित हुई. संगोष्ठी में शिक्षाविदों, खेल पदाधिकारियों, प्राध्यापक गण और विद्यार्थियों ने शिक्षा एवं खेल के समन्वय पर विचार रखे. वक्ताओं ने कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना, निर्णय क्षमता और मानसिक दृढ़ता विकसित करने का प्रभावी माध्यम है. कार्यक्रम का शुभारंभ संस्कृत वंदना, दीप प्रज्वलन एवं मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ. खेल विभाग के अध्यक्ष डॉ. गौतम कुमार ने विषय प्रवेश कर खेलों को समग्र शिक्षा का अनिवार्य अंग बताया. डॉ. विद्यासागर उपाध्याय, डॉ. अजय कुमार पासवान, डॉ. प्रदीप प्रसाद, डॉ. बरखा चपलोत, डॉ. राजेश कुमार चंदेल और डॉ. विकास कुमार ने भी विचार रखे. युवा एवं सांस्कृतिक पदाधिकारी शशांक मित्तल तथा डॉ. रंजीत कुमार ने युवाओं को खेलों में भागीदारी के लिए प्रेरित किया. मुख्य अतिथि बीआरए बिहार विश्वविद्यालय खेल परिषद के सचिव प्रो. (डॉ.) अशोक कुमार साह ने खेल प्रतिभाओं की पहचान, प्रशिक्षण और अवसर उपलब्ध कराने पर जोर दिया. संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य प्रो. (डॉ.) नवल किशोर बैठा ने महाविद्यालय में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता जताई. इस अवसर पर डॉ. जितेश कुमार, डॉ. बरखा चपलोत, डॉ. किशोरी लाल राम, डॉ. विपिन दुबे, डॉ. अजय कुमार पासवान, डॉ. रंजीत कुमार, डॉ. अशोक कुमार साह, डॉ. भारत भूषण, पुलकित कुमार और प्रीतम कुमार को 'मेजर ध्यानचंद सम्मान-2026' प्रदान किया गया.

लोयोला फुटबॉल टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम, टूर्नामेंट पर सेंट जेवियर्स स्कूल का कब्जा

फाइनल मुकाबले की दोनों टीमों के साथ अतिथिगण.

बेतिया. सेंट जेवियर्स हायर सेकेंडरी स्कूल, बेतिया के खे[illegible] टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले का आयोजन बुधवार को [illegible] गया. टूर्नामेंट में कुल 14 टीमों ने हिस्सा लिया और 30 [illegible] पूरे आयोजन के दौरान खिलाड़ियों के साथ दर्शकों एवं विद्या[illegible] देखने को मिला. फाइनल चरण के पहले मुकाबले में बालिका [illegible] केआर स्कूल की टीमें आमने-सामने हुईं, जिसमें केआर स्कूल ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 4-0 से जीत दर्ज की. दूसरा मुकाबला केआर स्कूल और सेंट थॉमस रतनपुरवा के बीच खेला गया. निर्धारित समय तक मुकाबला बराबरी पर रहने के बाद टाई-ब्रेकर का सहारा लिया गया, जिसमें केआर स्कूल ने 4-3 से रोमांचक जीत हासिल की. तीसरे मुकाबले में सेंट थॉमस रतनपुरवा और सेंट जेवियर्स स्कूल के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें सेंट जेवियर्स 3-0 से विजयी रहा. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रेक्टर फादर थॉमस चेलीकुलम रहे. उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम बताया. इस अवसर पर रेक्टर फादर थॉमस चेलीकुलम, केआर के प्राचार्य फादर जैकब, सेंट जेवियर्स के प्राचार्य फादर आर्मस्ट्रांग, फादर माइकल, फादर रंजन, फादर देवाशीष, फादर इसिडोर, खेल शिक्षक राकेश रेमी, रवि रंजन यादव, नवीन उत्पल सहित निर्णायक मंडल के सदस्य सुनील कुमार, शशि सुमन, विशाल कुमार एवं शशि ठाकुर उपस्थित रहे. आयोजन में सोमदीप दास, युराज कुमार, राहुल प्रियदर्शी, मनीष कुमार सहित अन्य खिलाड़ी, दर्शक एवं विद्यार्थी मैदान में उपस्थित रहे.

सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया
Central Bank of India
1911 से आपके लिए "केंद्रित" "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911

क्षेत्रीय कार्यालय, बलुआटाल, मोतिहारी, पूर्वी चंपारण-845401

परिशिष्ट-IV-A [नियम 8(6) का परंतुक देखें]

अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय सम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के तहत अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

आम जनता को एवं विशेष रूप से उधारकर्ता एवं गारंटर को, इसके द्वारा यह सूचना दी जाती है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जिसे सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी / चार्ज के रूप में रखा गया है एवं जिसका **भौतिक/प्रतीकात्मक कब्ज़ा** सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया (सुरक्षित लेनदार) के अधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है जिसे उधारकर्ता एवं गारंटर से सुरक्षित लेनदारों के बकाए की वसूली के लिए **दिनांक 18.09.2026 (गोरहवा शाखा, चकिया शाखा एवं बैरिया शाखा के लिए) एवं दिनांक 06.10.2026 (गोरा शाखा के लिए) को "जैसा है जहाँ है", "जैसा है जो है, एवं "जो कुछ भी है"** के आधार पर बेचा जाएगा। संबंधित संपत्तियों के विवरण के सामने आरक्षित मूल्य और बयाना राशि जमा प्रदर्शित की गई है।

क्र. सं.	शाखा	उधारकर्ता का नाम	मांग सूचना राशि/बकाया	अचल संपत्ति का विवरण / कब्जे का प्रकार	आरक्षित मूल्य / ईएमडी / बोली वृद्धि राशि
1.	गोरहवा	मेसर्स धर्मेंद्र कुमार इंटरप्राइजेज, प्रोप-श्री धर्मेंद्र कुमार चौधरी पिता स्वर्गीय वकील चौधरी	रु.17,43,809.00 (रुपये सत्रह लाख तैंतालीस हजार आठ सौ नौ मात्र) दिनांक 13.05.2024 तक + उस पर आगे का ब्याज एवं अन्य कानूनी शुल्क।	**संपत्ति की साम्यिक बंधक (भूमि एवं भवन)** श्री धर्मेंद्र कुमार चौधरी पिता स्वर्गीय वकील चौधरी के नाम पर जिसकी बिक्री विलेख संख्या-18878 दिनांक 30.10.2012 स्थित-मौजा-देकहां, टोला-बिशुनपुर, पोस्ट-देकहां, थाना-सिरसा कोठी, जिला-पूर्वी चंपारण, बिहार, थाना संख्या-214, तौजी संख्या-951, खाता संख्या-1239, प्लॉट/खेसरा संख्या-5784, क्षेत्रफल-3.10 डिसमिल **संपत्ति की चौहद्दी**-उत्तर-चंपा देवी, दक्षिण-बीरा लाल चौरसिया, पूर्व-झांती देवी जौजा अरुण चौधरी, पश्चिम-निज मोकिर वो सड़क **कब्जे का प्रकार-भौतिक**	रु. 7,58,000.00 रु. 75,800.00 रु. 10,000.00
2.	गोरहवा	श्री उमेश्वर कुमार पिता स्वर्गीय दीपनारायण प्रसाद एवं श्रीमती काजल कुमारी	रु.10,44,918.24 (रुपये दस लाख चवालीस हजार नौ सौ अठ्ठारह एवं चौबीस पैसे मात्र) दिनांक 31.12.2025 तक + उस पर आगे का ब्याज एवं अन्य कानूनी शुल्क	**संपत्ति का साम्यिक बंधक (भूमि एवं भवन)** श्री उमेश्वर कुमार पिता स्वर्गीय दीप नारायण प्रसाद के नाम पर जिसका सेल डीड संख्या 1274, दिनांक 24.01.2013 के अनुसार स्थित मौजा- अमर छतौनी, वार्ड संख्या- 17, थाना- छतौनी, अंचल- मोतिहारी, उप-निबंधन- मोतिहारी, थाना संख्या- 221, तौजी संख्या 951, जे.बी. संख्या- 1266, जिला- पूर्वी चंपारण (बिहार), खाता संख्या 99, प्लॉट/खेसरा संख्या- 511, क्षेत्रफल 0.99 डेसिमल या 03 धुर। **संपत्ति की चौहद्दी (डीड के अनुसार)**: उत्तर: खुशबू देवी, दक्षिण: मुरारी, पूर्व: 8 फ़ीट चौड़ा रास्ता, पश्चिम: सूर्य नारायण सिंह। **कब्जे का प्रकार- सांकेतिक**	रु. 12,77,000.00 रु. 1,27,700.00 रु. 10,000.00
3.	चकिया	श्रीमती सविता देवी पति रमेश प्रसाद साह सह-उधारकर्ता- श्री रमेश प्रसाद साह पिता सीता राम साह	रु.16,65,464.00 (रुपये सोलह लाख पैंसठ हजार चार सौ चौंसठ मात्र) दिनांक 06.08.2024 तक + उस पर आगे का ब्याज एवं अन्य कानूनी शुल्क	**संपत्ति का साम्यिक बंधक (भूमि एवं भवन)** श्रीमती सविता देवी पति रमेश प्रसाद साह के नाम पर जिसका सेल डीड संख्या 5664, दिनांक 16.12.2021 के अनुसार स्थित- मौजा- मेदान सिरसिया, थाना + अंचल- कल्याणपुर, थाना संख्या- 213, जिला- पूर्वी चंपारण, खाता संख्या- 342, प्लॉट/खेसरा संख्या- 2966, क्षेत्रफल- 3.231 डेसिमल या 13.75 धुर। **सेल डीड के अनुसार**- उत्तर- राम प्रवेश साह, दक्षिण- राजकुमार साह एवं सड़क, पूर्व- राम नरेश साह, पश्चिम- सड़क। **कब्जे का प्रकार- सांकेतिक**	रु. 13,93,000.00 रु. 1,39,300.00 रु. 10,000.00
4.	बैरिया	श्री रविकान्त कुमार पिता छबीला प्रसाद एवं श्री शशिकांत कुमार पिता छबीला प्रसाद	रु. 42,16,519.00 (रुपये बयालीस लाख सोलह हजार पाँच सौ उन्नीस मात्र) दिनांक 17.08.2023 तक + उस पर आगे का ब्याज एवं अन्य कानूनी शुल्क	**1. संपत्ति का साम्यिक बंधक (भूमि एवं भवन)** श्री रविकांत कुमार एवं श्री शशिकांत कुमार के नाम पर जिसका बिक्री विलेख संख्या 13208 दिनांक 06.08.2011 स्थित - मौजा लदानंदपुर थाना- बैरिया, पश्चिम चंपारण, बिहार, थाना संख्या 113, जे.बी. संख्या 756 एवं 745, तौजी संख्या-951 खाता संख्या 278, खेसरा संख्या 215, क्षेत्रफल 00- 02-08-10 (2 कट्ठा 8 धुर 10 धुरकी) @8.5 हाथ लग्गी **संपत्ति की चौहद्दी**: उत्तर: नंदलाल प्रसाद, दक्षिण: महेश महतो पूर्व: स्नेही रास्ता पश्चिम: पारस प्रसाद	रु. 28,56,000.00 रु. 2,85,600.00 रु. 10,000.00
				2. संपत्ति का साम्यिक बंधक (भूमि एवं भवन) श्री रविकांत कुमार एवं श्री शशिकांत कुमार के नाम पर जिसका बिक्री विलेख संख्या 13208 दिनांक 06.08.2011 स्थित- मौजा लदानंदपुर थाना- बैरिया, पश्चिमी चंपारण, बिहार, थाना संख्या 113, खाता संख्या 96, खेसरा संख्या 1356, क्षेत्रफल 00-00-14-00 (14 धुर)@8.5 हाथ लग्गी **डीड के अनुसार चौहद्दी**: उत्तर: भुवई प्रसाद एवं साहेब प्रसाद, दक्षिण: मुस्तेरियन, पूर्व: उमेश प्रसाद पश्चिम: नंदलाल महतो **वर्तमान में चौहद्दी**: उत्तर: रास्ता, दक्षिण: मस्टेरियन, पूर्व: तेरस महतो, पश्चिम: नंदलाल महतो **कब्जे का प्रकार- भौतिक**	रु. 6,20,000.00 रु. 62,000.00 रु. 10,000.00
5.	गोरा	मेसर्स एस आज़ाद ऑटोमैटिक राइस मिल प्रोप- सितारे आज़ाद	रु. 8,73,030.00 (रुपये आठ लाख तिहत्तर हजार तीस मात्र) दिनांक 04.07.2018 तक + उस पर आगे का ब्याज एवं अन्य कानूनी शुल्क	**संपत्ति का साम्यिक बंधक (भूमि एवं भवन)** श्री सितारे आज़ाद पिता स्वर्गीय अजीज मियां के नाम पर जिसका सेल डीड संख्या 10260 के अनुसार स्थित - मौजा- रुदलपुर, थाना- जोगापट्टी, जिला- पश्चिम चंपारण, थाना संख्या- 30/02, खाता संख्या- 207, प्लॉट/खेसरा संख्या- 83, क्षेत्रफल 2 कट्ठा, जे.बी संख्या- 1102 **सेल डीड के अनुसार** - उत्तर- निज मोकिर, दक्षिण- कब्रिस्तान, पूर्व- निज मोकिर, पश्चिम- बलिस्टर सिंह **कब्जे का प्रकार - भौतिक**	रु. 26,08,000.00 रु. 2,60,800.00 रु. 10,000.00

सुरक्षित ऋणदाता को ज्ञात भार: बैंक को ज्ञात नहीं

इसे उक्त ऋण के उधारकर्ता/उधारकर्ताओं एवं गारंटर/गारंटरों को उपरोक्त तिथि को ई-नीलामी के आयोजन के संबंध में सुरक्षा (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) / नियम 9(1) के तहत दी गई सूचना भी माना जा सकता है।

ई-नीलामी में भाग लेने के लिए, इच्छुक बोलीदाताओं को सेवा प्रदाता www.baanknet.com पर समय से पहले अपना विवरण पंजीकृत करना होगा एवं उन्हें उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड प्राप्त होगा।

इच्छुक बोलीदाताओं को केवल पासवर्ड बदलने की सलाह दी जाती है। शैक्षिक वीडियो के लिए बोलीदाता www.baanknet.com पर जा सकते हैं। बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया बैंक की वेबसाइट www.centralbankofindia.co.in पर दिए गए लिंक को देखें।

बोलीदाता को वेबसाइट www.baanknet.com पर पंजीकरण करना होगा और केवाईसी दस्तावेज अपलोड करने होंगे। सेवा प्रदाता द्वारा केवाईसी दस्तावेजों के सत्यापन के बाद, ईएमडी को एनईएफटी/स्थानांतरण के माध्यम से ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में जमा किया जाएगा (www.baanknet.com से चालान जनरेट होने के बाद)।

इच्छुक बोलीदाता जिन्हें लॉगिन आईडी एवं पासवर्ड बनाने, डेटा अपलोड करने, बोली जमा करने, ई-बोली प्रक्रिया पर प्रशिक्षण आदि में सहायता की आवश्यकता है, वे www.baanknet.com के केंद्रीय हेल्पडेस्क नंबर 033-22901004 पर संपर्क कर सकते हैं या अधिक जानकारी के लिए शाखा प्रबंधक, **सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, गोरहवा शाखा-(मो.) 9264292148, चकिया शाखा-(मो.) 9264292141, बैरिया शाखा-(मो.) 9264292170, गोरा शाखा-(मो.) 9264292178 या अधिकृत अधिकारी, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, मोतिहारी (मोबाइल नंबर) 9264292124** से संपर्क कर सकते हैं या बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए, कृपया सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया (सुरक्षित लेनदार) की वेबसाइट www.centralbank.bank.in एवं www.baanknet.com पर दिए गए लिंक पर जाएं।

दिनांक : 02.09.2026
स्थान : मोतिहारी

विवाद की स्थिती में अंग्रेजी पाठ्य मान्य होगा

प्राधिकृत अधिकारी
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया

रोमांचक मुकाबले में बराबरी पर रहा स्कोर

खिलाड़ियों के साथ अतिथि.

नरकटियागंज . मेजर ध्यानचंद खेल दिवस सप्ताह के अवसर पर हाईस्कूल खेल मैदान में आयोजित फुटबॉल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा. टीपी वर्मा कॉलेज और राम लखन सिंह यादव कॉलेज की टीमों के बीच खेला गया मुकाबला निर्धारित समय तक बराबरी पर रहा. इसके बाद जीत का फैसला करने के लिए टाई ब्रेकर का सहारा लिया गया, लेकिन इसमें भी दोनों टीमें बराबरी पर रहीं. अंततः आयोजकों ने दोनों टीमों को संयुक्त विजेता घोषित किया. मैच की शुरुआत से ही दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया. पहले हाफ में दोनों टीमों ने एक-दूसरे पर बढ़त बनाने का प्रयास किया, लेकिन किसी को सफलता नहीं मिली. दूसरे हाफ में भी खिलाड़ियों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला और मुकाबला बराबरी पर समाप्त हुआ. इसके बाद टाई ब्रेकर में भी दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कोर बराबर रखा. इससे पूर्व मैच का उद्घाटन टीपी वर्मा कॉलेज के प्राचार्य, प्रो. मनदीप कुमार और प्रो. हनीफ ने संयुक्त रूप से किया. खेल प्रशिक्षक सुनील वर्मा ने मेजर ध्यानचंद की जीवनी और खेल के क्षेत्र में उनके योगदान पर प्रकाश डाला. उन्होंने दोनों टीमों के खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि खिलाड़ियों ने खेल भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन किया. मौके पर पिंटू वर्मा, पप्पू पांडेय, रामाशीष मालाकार, संजय कुमार समेत बड़ी संख्या में खेलप्रेमी और दर्शक मौजूद रहे.

डीएम एकेडमी में एसडीएम ने किया औचक निरीक्षण

बगहा. एसडीएम चांदनी कुमारी ने नगर के प्लस टू डीएम एकेडमी, बगहा-एक का औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों की उपस्थिति, शैक्षणिक व्यवस्था तथा साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया. एसडीएम ने विद्यालय पहुंचते ही प्राचार्य राकेश कुमार यादव से छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों की उपस्थिति की जानकारी ली. उन्होंने विद्यालय में संचालित पठन-पाठन की व्यवस्था के संबंध में भी आवश्यक जानकारी प्राप्त की. इसके बाद एसडीएम ने विभिन्न वर्ग कक्षों का निरीक्षण किया और वहां पठन-पाठन कर रहे छात्र-छात्राओं से बातचीत कर उनकी पढ़ाई से संबंधित जानकारी ली. उन्होंने छात्रों से नियमित रूप से विद्यालय आने तथा मन लगाकर पढ़ाई करने की बात कही. एसडीएम ने कहा कि विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षकों की उपस्थिति पर भी विशेष नजर रखी जाएगी.

माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालयों में आईएसएम लैब/ विज्ञान प्रयोगशाला का संचालन करें सुनिश्चित: निदेशक

प्रतिनिधि, बेतिया

पश्चिम चंपारण सहित राज्य के माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में विज्ञान प्रयोगशाला/ आईएसएम लैब के सुचारू संचालन सुनिश्चित करने का सख्त आदेश जारी किया गया है. माध्यमिक शिक्षा निदेशक नितिन कुमार सिंह के स्तर से जारी आदेश में जिला शिक्षा अधिकारी एवं माध्यमिक शिक्षा के डीपीओ को इस विभागीय आदेश का अनुपालन गुरुवार 03 सितंबर से ही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है.

सरकार के निर्णय पर आधारित विभागीय निर्देश के आलोक में जारी इस आदेश में कहा गया है कि सरस्वती विद्या निकेतन के नाम से संचालित सभी मॉडल स्कूलों में विज्ञान प्रयोगशाला एवं किट के प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के लिए पत्र के माध्यम से विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए हैं. अपने संबंधित आदेश में माध्यमिक शिक्षा के निदेशक ने यह भी आदेशित किया है कि इसी तर्ज पर एक एक माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक विद्यालयों में अवस्थित आईएसएम लैब का सुचारू उपयोग भी किया जाना सुनिश्चित किया जाए.

जारी निर्देश के आलोक में जिला शिक्षा अधिकारी राजन कुमार ने बताया कि गुरुवार तीन सितंबर को पश्चिम चंपारण सहित राज्य के सभी माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक विद्यालयों में अवस्थित आईएसएम लैब अर्थात इन्फोर्मेशन सिस्टम मैनेजमेंट लेबोरेट्री का संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जा रहे हैं. जिला शिक्षा अधिकारी राजन कुमार ने बताया कि संचालित आईएसएम लैब और विज्ञान प्रयोगशाला की गतिविधि का छायाचित्र/ वीडियो जिला एवं राज्य स्तर के व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से शेयर करना सुनिश्चित करेंगे. वहीं माध्यमिक शिक्षा निदेशक द्वारा आदेशित किया गया है कि जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अपने स्तर से उक्त लैब संचालन की नियमित समीक्षा करेंगे. यह भी सुनिश्चित किया जायेगा कि आईएसएम लैब/ विज्ञान प्रयोगशाला का सतत् उपयोग प्रत्येक विद्यालय में हो रहा है. निदेशक श्री सिंह के द्वारा सभी माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को भी पत्र की प्रतिलिपि जारी करते हुए अनुपालन सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया है.

वहीं इस आदेश की प्रतिलिपि जिला पदाधिकारी को भी भेजते हुए संबंधित आवश्यक कार्रवाई का अनुरोध किया गया है. इधर आदेश जारी होने के बाद से जिला में संचालित सभी सरस्वती विद्या निकेतन के नाम से संचालित मॉडल स्कूलों सहित सभी उच्च और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में इसको लेकर सरगर्मी बढ़ गई है.

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के स्नातक सत्र 2026-30 में ऑन स्पॉट नामांकन की दावेदारी का सात तक आखिरी मौका

प्रतिनिधि, बेतिया

- डिग्री कोर्स में नामांकन से वंचित हजारों विद्यार्थियों के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने जारी किया है आदेश

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के स्नातक सत्र 2026-30 में नामांकन से वंचित छात्र-छात्राओं के लिए ऑन स्पॉट एडमिशन का मौका मिलने मिलने जा रहा है.

विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) आलोक प्रताप सिंह की ओर से मंगलवार को जारी आदेश के अनुसार 02 से 07 सितंबर 2026 तक यूएमआईएस पोर्टल पर ऑन स्पॉट नामांकन की एडिट प्रक्रिया संचालित होगी. इसके तहत बीए, बीएससी और बीकॉम सहित स्नातक डिग्री पाठ्यक्रमों में नामांकन का अवसर मिलेगा.

विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि ऑन स्पॉट नामांकन से पूर्व आवेदक छात्र छात्राओं द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों की जांच के उपरांत ही लिया जाएगा. दस्तावेजों में किसी प्रकार की त्रुटि पाए जाने पर नामांकन नहीं किया जाएगा. ऐसे में विद्यार्थियों को सभी आवश्यक प्रमाणपत्रों एवं दस्तावेजों की अच्छी तरह जांच कराकर ही नामांकन की प्रक्रिया पूरी करने की सलाह दी गई है.

आदेश में सभी वर्ग एवं कोटि के छात्र-छात्राओं से निर्धारित नामांकन शुल्क राजभवन द्वारा तय प्रावधानों के अनुरूप सुनिश्चित कराने को कहा गया है. महाविद्यालयों को भी निर्धारित शुल्क की अधिसूचित विपत्र महाविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने तथा उसकी प्रति विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण कार्यालय में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है.

नामांकन प्रक्रिया की शुरुआत बुधवार 02 सितंबर से प्रारंभ होने वाली है. ऐसे विद्यार्थी जो नियमित नामांकन प्रक्रिया में मौका नहीं पा सके हैं, उनके लिए बेहद महत्वपूर्ण मौका मिलने वाला है.

नामांकन के लिए इच्छुक विद्यार्थियों से अपने दस्तावेज तैयार रहने और आवेदन अपलोड करने की अपील की गई है.